कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग-2 उपविषय - पाठ-2 (व्यस्त मकड़ी) प्रश्न / उत्तर

टीचर - सुमन शर्मा

पाठ बोध्य

प्रश्न / उत्तर (पाठ - 2)

क) नन्ही मकड़ी कहाँ सो रही थी?

उत्तर : नन्ही मकड़ी पेड़ की नीची टहनी पर सो रही थी।

ख) चुनमुन कहाँ से मिचकी को देख रहा था?

उत्तर : चुनमुन अपने कमरे की खिड़की से मिचकी को देख रहा था।

ग) कबूतर मिचकी को कहाँ की सैर कराना चाहता था?

उत्तर : कबूतर मिचकी को आसमान की सैर कराना चाहता था।

Scanned with ACE Scanner

Date: 6.1.2023

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग - 2 उपविषय - पाठ-2 (व्यस्त मकड़ी)
प्रश्न / उत्तर

## प्रश्न / उत्तर

घ) मिचकी को अमरूद के पेड़ पर कौन ले जाता ?

उत्तर : मिचकी को अमरूद के पेड़ पर तोता ले जाता।

प्रश्न-2. प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखें —

क) मिचकी मकड़ी ने अपना जाला कब बुनना शुरू किया ?

उत्तर : मिचकी मकड़ी ने अपना जाला सूरज की पहली किरण के साथ ही बुनना शुरू कर दिया।

ख) मिचकी का ध्यान कोयल पर क्यों नहीं गया ?

उत्तर : मिचकी का ध्यान कोयल पर इसलिए नहीं गया क्योंकि वह अपना काम करने में जुटी हुई थी।

ग) चुनमुन ने मिचकी की मदद क्यों की ?

उत्तर : चुनमुन ने मिचकी की मेहनत और लगन से बनाए घर को बारिश से बचाने के लिए उसकी मदद की।

Scanned with ACE Scanner

Date 6.7.23

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग - 2 उपविषय - पाठ - 2 (व्यस्त मकड़ी)

टीचर - सुमन शर्मा (प्रश्न / उत्तर)

बच्चो! अब हम पाँच मिनट की ब्रेक लेंगे। ब्रेक में आप ऊपर लिखे प्रश्नों के उत्तरों को ध्यान से पढ़ोगे व याद करोगे।

(ब्रेक का समय समाप्त)

प्रश्न 3. ये वाक्य किसने कहे?

क) मिचकी रानी, मेरा गीत सुनोगी?

उत्तर: कोयल ने।

ख) मेरे पंखों पर बैठ जाओ।

उत्तर: कबूतर ने।

ग) बहुत मीठे अमरूद हैं, मिलकर खाएँगे।

उत्तर: तोते ने।

घ) इतना सुंदर जाल किसने बुना है?

उत्तर: मोर ने।

प्रश्न 4. (आप सब स्वयं करेंगे, पुस्तक पर)

Scanned with ACE Scanner

Date: 7·7·23

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग -2 उपविषय - पाठ-2 (व्यस्त मकड़ी)

टीचर - सुमन शर्मा

प्रश्न / उत्तर

**शब्द - अर्थ :**

1. व्यस्त - काम में लगी हुई (बिज़ी)
2. लगन - मन लगाकर
3. उदास - दुखी
4. नज़र - निगाह, दृष्टि
5. अँगड़ाई - आलस से हाथों को फैलाना
6. अनसुनी - नहीं सुनना
7. महीन - बहुत बारीक
8. मस्त - खुश
9. आश्चर्य - हैरानी

**गृहकार्य** → सभी बच्चे ऊपर लिखे गए कार्य को अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखेंगे व याद करने का प्रयास करेंगे।

Scanned with ACE Scanner

Page No.:
Date:

# समान अर्थ वाले शब्द

1) उपवन - बगिया

2) फूल - सुमन

3) महक - खुशबू

4) सूर्य - सूरज

5) पानी - जल

6) जगत - दुनिया

7) सवेरा - सुबह

8) पक्षी - पंछी

9) वृक्ष - पेड़

10) केश - बाल

11) आँख - नयन

12) गृह - घर

Scanned with ACE Scanner